चुनाव आयोग ने आधिकारिक एलान किया है कि वह एसआईआर पूरे देश में लागू करेगा। मोदी सरकार गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यकों और वंचितों के वोट काटना चाहती है। — मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस



आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 4,078 दिन की अखंड राष्ट्रसेवा कर्तव्य की कालजयी साधना बन चुकी है। आपका हर क्षण, हर निर्णय मां भारती के वैभव को समर्पित रहा है। —— योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र



# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' निभा सकता है महत्वपूर्ण भूमिका : मेयर

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** यूथएक्सकनेक्ट ने दिल्ली नगर निगम के सहयोग से शुक्रवार को निगम मुख्यालय में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों और दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया तथा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर अपने विचार व्यक्ति किए। इस मौके पर मेयर राजा इक़बाल सिंह, डिप्टी मेयर जय भगवान यादव, स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन सत्या शर्मा, सदन नेता प्रवेश वाही, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, पवन राणा, विष्णु मित्तल, शशि यादव तथा निगमायुक्त अश्विनी कुमार उपस्थित थे।

■ कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों व दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया



इस अवसर पर मेयर राजा इक़बाल सिंह ने कहा कि आज की इस राष्ट्रीय युवा संसद में छात्रों ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार साझा किए। यह विषय देश के भविष्य को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभा सकता है। इसका आशय है कि देश में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं। इसके कई लाभ हो सकते हैं। सबसे पहले इससे चुनावी प्रक्रिया में सुधार और पारदर्शिता आएगी।

उन्होंने कहा कि सभी चुनाव एक साथ होने से चुनाव आयोग अपनी भूमिका को अधिक प्रभावी ढंग से निभा सकेगा। इससे शासन में स्थिरता और नीतियों के क्रियान्वयन में गति आएगी। इससे चुनावों पर होने वाले व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे आर्थिक संसाधनों की बचत होगी और चुनाव प्रक्रिया में धन और बल की भूमिका भी सीमित की जा सकेगी। यदि सभी चुनाव एक साथ कराए जाएं तो इस व्यय में भारी कमी लाई जा सकती है। इससे बची हुई राशि को नागरिक हितैषी योजनाओं में उपयोग किया जा सकता है। साथ ही बार-बार आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि यह विषय काफ़ी बड़ा है। यदि यह हमारे देश के हित में है तो हमारा 'फस्ट प्रिंसिपल' यही होना चाहिए कि हम इसके समर्थन में खड़े हों। आज छात्रों ने इस विषय पर अपने-अपने विचार साझा किए, जो यह दर्शाता है कि हमारी युवा पीढ़ी भी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है।

## कूड़े से आजादी दिलाने को दिल्ली सरकार की पहल

# राजधानी में 'आजादी-स्वच्छता अभियान' एक अगस्त से

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली को कूड़े से आजादी दिलाने के लिए एक अगस्त से विशेष स्वच्छता अभियान शुरू करने की घोषणा की है। यह अभियान पूरे महीने यानी 31 अगस्त तक चलेगा। दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने इस अभियान का हिस्सा बनने को कहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशन, स्कूल एवं कॉलेजों के छात्रों एवं संस्थानों को जोड़ा जाएगा। लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार एक पोर्टल शुरू करेगी। अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिक्षा मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव धर्मेंद्र, शहरी विकास विभाग, पीडब्ल्यूडी, दिल्ली नगर निगम, एनडीएमसी, दिल्ली मेट्रो रेल निगम समेत अन्य अधिकारी शालिम हुए।

दिल्ली को कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने सचिवालय में बैठक कर अधिकारियों के साथ समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगस्त का महीना देश में आजादी के लिए जाना जाता है, उनकी सरकार चाहती है कि अगस्त महीने में दिल्ली के लोगों को कूड़े से आजादी दिलाई जाए। सरकारी विभागों एवं आम लोगों के सहयोग से इस अभियान का सफलतापूर्वक चलाया जाएगा। दिल्ली के लोगों को अहसास कराया जाए,कि यह अभियान वास्तव में दिल्ली के लोगों को कूड़े से आजादी दिलाने में सफल रहा है। अभियान के दौरान सरकार का स्कूलों, सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विशेष फोकस रहेगा। इनके स्टोर रूम में सालों से जमा कबाड़ (अनउयुक्त चीजें) को साफ करने की योजना है। सब्जी, फल मंडियों, औद्योगिक क्षेत्रों, बस अड्डों एवं बस डिपो में भी अभियान चलाया जाएगा। अभियान में सरकार के सभी मंत्री, विधायक, सांसद, निगम पार्षद शामिल होंगे और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए अगस्त माह के शनिवार एवं रविवार को कूड़े से आजादी- स्वच्छता अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरकार के इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके साथ ही विशेष पोर्टल के माध्यम से लोगों को जोड़ा जाएगा। अभियान के दौरान सफाई स्थल के फोटो (सफाई से पहले और बाद) भी इस पोर्टल अपलोड़ किए जाएंगे। इस अभियान के दौरान स्लम, अनिधकृत कालोनियों, झुग्गी-बस्ती भी विशेष रूप से शामिल होंगे। सफाई के बाद सामान्य दिनों से अधिक कूड़े का निस्तारण किया जाएगा। जिससे जगह-जगह कूड़े के ढेर न दिखें। सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन पर फोकस करेगी, जो हर व्यक्ति को सफाई रखना कर्तव्य बोध कराता, तभी दिल्ली स्वच्छ बनेगी। स्वच्छता अभियान एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक को कर्तव्य बोध कराने का अभियान है। अभियान की विस्तृत रूपरेखा 29 जुलाई को निगम मुख्यालय में होने वाली बैठक में रखी जाएगी। इस बैठक में मंत्रियों, विधायकों एवं सांवदों की जिम्मेदारी भी निर्धारित की जाएगी। आशीष सूद ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से देश को स्वच्छता का संदेश देंगे। जनभागीदारी करते हुए जो लोग पोर्टल पर अपनी फोटो अपलोड करेंगे, उसकी पुष्टि के बाद पुरस्कृत करने पर भी विचार किया जाएगा।



■ आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशन, स्कूल एवं कॉलेजों के छात्रों की भागीदारी सुनिश्चत करेगी सरकार

■ दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में 29 जुलाई की बैठक में तय होगी अभियान की रूपरेखा

■ आमजन को जोड़ने के लिए सरकार जल्द शुरू करेगी पोर्टल

राजस्थान सरकार
**निदेशालय कोष एवं लेखा**
वित्त भवन, ए-ब्लॉक, तृतीय तल, जनपथ, ज्योति नगर, जयपुर

क्रमांक एफ.1 डीटीए/आई.टी (13 IFMS)/2025-26/ 207 दिनांक : 16-07-2025

**Notice Inviting Bid IT(Servers)/2025-26**

Bids for 38 Computer Servers Comprehensive Maintance Contract (C.M.C.) are invited from interested bidders up to 03:00 PM dated 05-08-2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://SPPP.rajasthan.gov.in** and Departmental website dta.rajasthan.gov.in. The approximate value of the procurement is Rs. 1.90 Crores.

**UBN :** DTA2526SLRC00088 R.O.No.:DIPR/C/10269/2025 संयुक्त निदेशक (प्रशासन)

# कारगिल शहीदों के सम्मान में इस्कॉन द्वारका में शांति यज्ञ

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** देश की रक्षा में तैनात सैनिकों और उनके बलिदान को हमेशा सर्वोच्च माना जाता है। ढाई दशक पूर्व कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतों के बलिदान को आज भी गौरव के साथ याद किया जाता है। भारत माता के उन सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शनिवार को संपूर्ण भारत में कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। इसी उपलक्ष्य में शुक्रवार को इस्कॉन द्वारका श्रीश्री रुक्मिणी द्वारकाधीश मंदिर में शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

कारगिल शहीदों की स्मृति में होने वाले इस यज्ञ में भक्तों ने राष्ट्रीयता के प्रतीक शहीद सैनिकों की गौरवगाथा का गुणगान किया गया। नरसिंह भगवान को समर्पित इस यज्ञ में अनेक भक्तों सहित शहीदों के परिवारजन भी सम्मिलित हुए। इसमें कैप्टन अखिलेश सक्सेना, शहीद कैप्टन अनुज नायर की माताजी, कैप्टन विजयंत थापर के पिताजी कर्नल थापर, कारगिल योद्धा कर्नल अश्विनी शर्मा, कैप्टन निशांत, तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त अधिकारी और अन्य रैंक के जवान भी शामिल हुए, जिन्होंने 1971 से लेकर कारगिल तक के समय में सीमाओं पर देश की सेवा की है।

**जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड**
JUBILANT FOODWORKS
सीआईएनः L74899UP1995PLC043677
**पंजीकृत कार्यालयः** प्लॉट 1ए, सैक्टर 16ए, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश
**कॉरपोरेट कार्यालयः** 15वां तल, टॉवर इ, स्काईमार्क वन, प्लॉट नं. एच–10/ए, सैक्टर 98, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश
**फोनः** +91-120-6927500; +91-120-6935400
**वैबसाइटः** www.jubilantfoodworks.com, **ईमेलः** investor@jublfood.com

**शेयरधारकों को सूचना**

**इक्विटी शेयर, निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि ("आईईपीएफ") प्राधिकरण को अंतरित करने के संबंध में**

कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 124 (5) के निबन्धनों में, कम्पनी के अदत्त लाभांश खाते में अंतरित की गई कोई भी राशि, जो ऐसे अंतरण की तिथि से सात (7) वर्षों की अवधि हेतु अदत्त या अदावित रहती है, अधिनियम की धारा 125 के तहत केंद्र सरकार द्वारा स्थापित एक फंड जिसे आईईपीएफ में स्थानांतरित किया जाएगा, जो इसके अलावा, समय–समय निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षण, अंतरण और प्रतिदाय) नियमावली, 2016 ("आईईपीएफ नियमावली") के साथ पठित अधिनियम की धारा 124 (6) के प्रावधानों के अनुसरण में, कम्पनी को ऐसे शेयर भी, आईईपीएफ अथॉरिटी के डीमैट खाते में अंतरित करने होंगे, जिनके संबंध में लाभांश सात (7) लगातार वर्षों या अधिक हेतु अदत्त या अदावित रहता है।

व्यक्तिगत संचार उन सभी शेयरधारकों के पंजीकृत पते पर भेज दिया गया है जिनके लाभांश लगातार सात वर्षों से यानी वित्त वर्ष 2017–18 से आज तक अदावित हैं और जिनके शेयर आईईपीएफ नियमों के तहत आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं। ऐसे शेयरधारकों का विवरण कंपनी की वैबसाइट https://www.jubilantfoodworks.com/unclaimed-dividend-and-shares-liable-to-be-transferred-to-iepf पर डाला गया ह।

शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वित्त वर्ष 2017–18 और उसके बाद के अदावी लाभांश का दावा करने के लिए कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट यानी एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) को उपयुक्त संचार के अनुसार आवश्यक दस्तावेज अग्रेषित करें। यदि **26 अक्टूबर, 2025** तक लाभांश का दावा नहीं किया जाता है, तो कंपनी द्वारा अदावी लाभांश को अंतर्निहित शेयरों के साथ आईईपीएफ प्राधिकरण को, आईईपीएफ नियमावली के तहत दी गई विधि में, आगे और कोई सूचना दिए बिना, अंतरित कर दिए जाएंगे। कृपया ध्यान दें कि आईईपीएफ में स्थानांतरित किए गए शेयरों के संबंध में कंपनी के खिलाफ कोई दावा मान्य नहीं होगा।

कृपया ध्यान दें कि दावा न किए गए लाभांश और ऐसे शेयरों पर होने वाले सभी लाभों सहित अंतर्निहित शेयर, यदि कोई हो, को एक बार आईईपीएफ में स्थानांतरित करने के बाद www.iepf.gov.in की वैबसाइट पर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद केवल आईईपीएफ प्राधिकरण से वापसी का दावा किया जा सकता है।

शेयरधारक, उपरोक्त के संबंध में किसी पूछताछ के लिए, कम्पनी से investor@jublfood.com पर अथवा/रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट, एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) नोबल हाइट्स, प्रथम तल, एनएच–2, सी–1 ब्लॉक, एलएससी, निकट सावित्री मार्किट, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 फोन : +91 11 49411000, ई–मेल : delhi@in.mpms.mufg.com, वैबसाइट : www.in.mpms.mufg.com, पर सम्पर्क करें।

वास्ते **जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड**
हस्ता./–
**(मोना अग्रवाल)**
**कम्पनी सचिव**

दिनांकः 25.07.2025
स्थानः नोएडा

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाड्रा रोड, वडोदरा–390 007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई–400051

**स्वर्ण ई–नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

निम्नवर्णित ऋणप्राप्तकर्ताओं को उनके द्वारा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से प्राप्त की गई स्वर्ण आभूषणों के विरूद्ध सुविधा ("सुविधा") के संबंध में उन पर बकाया राशियों के भुगतान हेतु सूचनाएं जारी की गई हैं। चूंकि वे बकाया राशियों का भुगतान करने में असफल रहे हैं, हम बंधक रखे गए स्वर्ण आभूषणों की ई–नीलामी, 06–08–2025 को, संचालित करने हेतु बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक को निम्नलिखित किसी भी खाते को नीलामी से, पूर्व सूचना दिए बिना, हटाने/ई–नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी दोपहर 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए वर्णित वेबसाइट लॉग इन करें। यदि कर्जदार की मृत्यु हो चुकी है, तो ई–नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उसके कानूनी वारिसों पर लागू होंगी।

| ऋण खाता सं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली – आजाद मार्केट | |
| 738857000014 | मोहम्मद नसीम |
| शाखा का नाम : दिल्ली – भारत नगर | |
| 746362000418 | राहुल कुमार सिंह |
| शाखा का नाम : दिल्ली – कैलाश नगर | |
| 429462001056 | अमित शर्मा |
| शाखा का नाम : दिल्ली – कालकाजी | |
| 663157015042 | महावीर साहू |
| 663162601572 | ज्योति बजाज |
| शाखा का नाम : दिल्ली – लक्ष्मी नगर | |
| 083162004212 | ममता शर्मा |
| शाखा का नाम : दिल्ली – शकरपुर | |
| 344605001046 | चन्द्र कान्ता |
| शाखा का नाम : दिल्ली – जनकपुरी सी 1 | |
| 037857000035 | प्रदीप शर्मा |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – द्वारका | |
| 025057000066 | चंदन कुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – झंडेवालान | |
| 135462004107 | हिमांशु यादव |

| ऋण खाता सं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नई दिल्ली शेख सराय | |
| 489957000006 | बलजीत कौर |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली भेरा एन्क्लेव | |
| 082662002302 | योजना दहिया |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली कम्युनिटी सेंटर | |
| 004605021370 | हिना कौसर |
| 004662021501 | सफीउर रहमान |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली फतेहपुरी | |
| 113862001468 | मेहरबान |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली ग्रेटर कैलाश–।। | |
| 031162005074 | धनश्री धनवंतरी |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली लाजपत नगर | |
| 022557000055 | नीरज कुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली नजफगढ़ | |
| 071362002865 | केशव केशव |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली रोहिणी सेक्टर–24 | |
| 082862002342 | दयालु राम |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली सदर बाजार | |
| 629505043821 | अनुज जैन |

| ऋण खाता सं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – उत्तम नगर | |
| 112562003653 | दीपक शर्मा |
| 112562003727 | दीपक शर्मा |
| 112562003767 | दीपक शर्मा |
| 112562003768 | दीपक शर्मा |
| 112562003769 | दीपक शर्मा |
| 112562003784 | दीपक शर्मा |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – यमुना विहार | |
| 113505003129 | शिवांगी |
| 113562002915 | राकेश मेहता |
| शाखा का नाम : पहाड़गंज | |
| 072257000024 | मेघा |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद सेक्टर–16 | |
| 008357001074 | दीपक कुमार मिश्रा |
| शाखा का नाम : लुधियाना फोकल प्वाइंट | |
| 218062000777 | सईद आतिफ हुसैन |
| शाखा का नाम : मुजफ्फरपुर | |
| 030662012104 | सुमित सिंह |
| 030662012553 | सुमित सिंह |
| शाखा का नाम : पटना कंकरबाग | |
| 030762009092 | सुमित सिंह |
| 030762009335 | सुमित सिंह |

तिथि : 26–07–2025
स्थान : सेंट्रल दिल्ली, ईस्ट दिल्ली, नॉर्थ दिल्ली, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली, साउथ–ईस्ट दिल्ली, साउथ–वेस्ट दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# विस को सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना को लेकर एलजी से मिले विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली विधानसभा को राष्ट्रीय धरोहर और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने को लेकर चल रही योजना पर चर्चा के लिए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उप-राज्यपाल ने आश्वस्त किया है कि वह जल्द ही विधानसभा का निरीक्षण कर उच्चस्तरीय बैठक बुलाएंगे। अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली विधानसभा हमारे लोकतांत्रिक सफर का गौरवपूर्ण प्रतीक है।



विधानसभा अध्यक्ष ने मुलाकात के दौरान उप-राज्यपाल को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली विधानसभा को राष्ट्रीय महत्व की धरोहर तथा एक जीवंत सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने की कार्य योजना पर काम चल रहा है। विशेष रूप से भारत के स्वतंत्रता पूर्व और विधायी विकास में इसकी केंद्रीय भूमिका पर प्रकाश डाला। विधानसभा परिसर में एक समर्पित स्थल की स्थापना के बारे में भी उप-राज्यपाल को जानकारी दी। विधानसभा परिसर के अभिलेख और डिजिटल प्रदर्शनियों के माध्यम से जनसामान्य को जानकारी दी जा सकेगी। विधान सभा परिसर के सौंदर्यीकरण (लैंडस्केपिंग) परियोजना के बारे में बताया। इसका उद्देश्य विधानसभा को एक दर्शनीय और पर्यावरण-संवेदनशील स्थल में रूपांतरित करना है। उनकी यह पहल सौंदर्यात्मक आकर्षण को पर्यावरणीय जागरूकता से जोड़ने का प्रयास है। अध्यक्ष के मुताबिक उप-राज्यपाल ने इस दृष्टिकोण में गहरी रुचि दिखाई है।

■ निरीक्षण कर जल्द बैठक बुलाने का मिला आश्वासन

**परिशिष्ट IV-A**
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **सम्मान कैपिटल लिमिटेड (पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) [CIN : L65922DL2005PLC136029]** जिसका रचनात्मक कब्जा (**''सुरक्षित लेनदार द्वारा''**) लिया जा चुका है, **28.08.2025** को **शाम 05.00 बजे से 06.00 बजे** तक सुरक्षित लेनदार को देय निम्नलिखित बकाया राशि की वसूली के लिए **''जहां है''**, **''जैसा है''** और **''जो कुछ भी है''**, के आधार पर बेचा जाएगा:

| क्र.सं. | ऋण खाता नंबर | 17.07.2025 तक बकाया राशि (रुपए में) |
|---|---|---|
| 1. | HHLDMT00346679 | रु. 33,27,681/- (रुपए तैंतीस लाख सत्ताईस हजार छह सौ इक्यासी मात्र) |
| 2. | HHLDMT00346648 | रु. 33,11,706/- (रुपए तैंतीस लाख ग्यारह हजार सात सौ छह मात्र) |
| 3. | HHEDMT00466965 | रु. 39,25,843/- (रुपए उनतालीस लाख पच्चीस हजार आठ सौ तैंतालीस मात्र) |
| कुल | | रु. 1,05,65,230/- (रुपए एक करोड़ पांच लाख पैंसठ हजार दो सौ तीस मात्र) |

ऊपर दी गई तालिका में उल्लिखित राशियां सुरक्षित लेनदार के संबंधित ऋण खातों में **17.07.2025** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भविष्य के ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **18.07.2025** से प्रभावी जो उधारकर्ताओं **गुलशन कुमार ग्रोवर (प्रोपराइटर, मानसी प्लास्टिक्स) और अलका उर्फ अलका ग्रोवर** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 97,00,000/- (रुपए सत्तानवे लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (**''ईएमडी''**) **रु. 9,70,000/- (रुपए नौ लाख सत्तर हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**संपत्ति नंबर – 1**
**पूरी पहली मंजिल, छत/टेरेस के अधिकारों के बिना, निर्मित संपत्ति बेअरिंग नंबर 8 है, भूमि का क्षेत्रफल 48 वर्ग मीटर, ब्लॉक और पॉकेट बी–8 में, सेक्टर–3, रोहिणी आवासीय योजना के लेआउट प्लान में स्थित है, रोहिणी, दिल्ली – 110085, प्रवेश और निकास, सार्वजनिक लिफ्ट और पेसेज, सार्वजनिक सीढ़ी और स्टिल्ट पार्किंग के अविभाजित 1/4 क्षेत्र के सार्वजनिक अधिकार के साथ।**

**संपत्ति नंबर – 2**
**पूरी पहली मंजिल, छत/टेरेस के अधिकारों के बिना, निर्मित संपत्ति बेअरिंग नंबर 9 है, भूमि का क्षेत्रफल 48 वर्ग मीटर, ब्लॉक और पॉकेट बी–8 में, सेक्टर–3, रोहिणी आवासीय योजना के लेआउट प्लान में स्थित है, रोहिणी, दिल्ली – 110085, प्रवेश और निकास, सार्वजनिक लिफ्ट और पेसेज, सार्वजनिक सीढ़ी और स्टिल्ट पार्किंग के अविभाजित 1/4 क्षेत्र के सार्वजनिक अधिकार के साथ।**

**नोट : संपत्ति नंबर 1 और संपत्ति नंबर 2 इन दोनों को एक ही लॉट के रूप में बेचा जाएगा।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.sammaancapital.com देखें; संपर्क का नंबर : 0124-6910910, +91 7065451024; ई–मेल आईडी : auctionhelpline@sammaancapital.com। बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही/–
प्राधिकृत अधिकारी
सम्मान कैपिटल लिमिटेड
(पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

दिनांक : 21.07.2025
स्थान : नई दिल्ली

**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पश्चिम), मुम्बई - 400069.
**आगरा शाखा:** ऑफिस नंबर 504, 5वीं मंजिल, बिजनेस स्क्वायर, ब्लॉक-ई-15/8, संजय प्लेस, आगरा 282002
**मुजफ्फरनगर शाखा :** पहली मंजिल, 52/9, बाग कंबावाला, निकट जैन मिलन जनसथ रोड़, मुजफ्फरनगर, पिन - 251314.
**मोदीनगर शाखा:** शॉप नंबर 16 दीवान बिल्डिंग दूसरी मंजिल टीआरएम पब्लिक स्कूल के पास, एनएच-58 मोदीनगर गाजियाबाद-212004 (उत्तर प्रदेश)
**मेरठ शाखा:** प्रथम मंजिल, आर्यन स्क्वायर, पीवीएस मॉल के पास, योजना नंबर 3, आई.एस. 190, शास्त्री नगर, मेरठ - 250002 (उ.प्र.)

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता (ओ)(शाखा का नाम) | धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 01400002580 / आगरा शाखा) अली नजर (ऋणी) स्व. शना (कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से प्रतिनिधित्व) (सह-ऋणी), मोहम्मद नवाब एवं वाव्लू (जमानतदार) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, खसरा नंबर 431 पर स्थित संपत्ति प्लॉट नं. 43 एवं 44, रामकृष्ण कॉलोनी (संपत्ति क्षेत्रफल 143.07 वर्ग मीटर), मौज नागला, मालियान, कस्बा फतेहपुर सीकरी, तहसील किरावली, आगरा, उत्तर प्रदेश, 283110 **चर्तुःसीमा** पूर्वः नीरज का खाली प्लॉट, पश्चिमः नीरज का प्लॉट, उत्तरः 12 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः ईश्वर चंद की संपत्ति। | 08-04-2025 & ₹ 5,69,459/- | 24-07-2025 |
| 2 | (लोन कोड नं. 11410000520 / मुजफ्फरनगर शाखा) सनव्वर (ऋणी) खुर्शीदा (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, आवासी प्लॉट मोहल्ला खतौली ग्रामीण, (इस्लामाबाद भूड) परगना एवं तह. खतौली ग्रामीण, मुजफ्फरनगर उ.प्र. 251201 **चर्तुसीमाएं:** पूर्व - बाबू का मकान, पश्चिम - रास्ता 12 फीट, उत्तर - अली मोहम्मद का मकान, दक्षिण - रास्ता 8 फीट | 12-04-2025 & ₹ 13,83,018/- | 24-07-2025 |
| 3 | (लोन कोड न. 08900000446 / मोदीनगर शाखा) राज कुमार उपाध्याय (ऋणी), प्रियंका उपाध्याय (सह-ऋणी) निशा (जमानतदार) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, फ्लैट नं. एसएफ 03, दूसरी मंजिल, बिना छत के क्षेत्रफल 60.385 वर्ग मीटर, खसरा नं.953 एमआई, कृष्णा विहार कॉलोनी, पूजा अपार्टमेंट, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, परगना डासना, तहसील और जिला, गाजियाबाद, उ.प्र.-201001 **चर्तुसीमाएं:-** पूर्व- अन्य संपत्ति, पश्चिम- फ्लैट नं. एसएफ 02, उत्तर - सामान्य क्षेत्र एवं फ्लैट नं. एसएफ- 04, दक्षिण - रास्ता 17.6 फीट चौड़ा | 08-04-2025 & ₹ 10,21,815/- | 24-07-2025 |
| 4 | (लोन कोड नं. 00500001371 / मेरठ शाखा) दुर्गेश रजनीश कुमार शर्मा (ऋणी) रजनीश कुमार शर्मा (सह-ऋणी) रवि प्रकाश गुप्ता (जमानतदार) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ईडब्ल्यूएस मकान नंबर एस.एफ.-15 (सेक्टर-बी) दूसरी मंजिल पर (संपत्ति क्षेत्र 32.39 वर्ग मीटर) यानुना पुरम (आवासीय योजना नगर), बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश 203001. **चर्तुसीमाएं:-** पूर्व- स्कूल, पश्चिम- मकान नंबर एस.एफ.-16, उत्तर- मकान नंबर एस.एफ.-14, दक्षिण- रास्ता 6 मीटर चौड़ा | 14-04-2025 & ₹ 6,25,702/- | 23-07-2025 |

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 26.07.2025

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

R. V. HIGHER EDUCATION & TECHNICAL INSTITUTE
(Village-Chithera, Dadri, G.B.Nagar)-203207

**Required**
HOD/Prof./Assoc./Asst. Prof. for B.P.Ed./BBA/BCA/B.Com/M.Com./B.P.E.S. & B.Ed. Dept. (Maths/Science/S.St./Lang./Commerce)/Comp. Sc./Home Sc. Health & Phy.Edu., Fine Art, Performing Art-(Music/Dance/Theatre) Librarian.

**Qualification as per** AICTE/NCTE/Univ. Norms. Send your CV through E-mail: rvheti.edu851@gmai l.com Mob. 9810981348.
**Secretary**

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सामान्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से "एकल" निविदायें आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.-01,** निविदा सूचना संख्याः ई-निविदा-एल-19-25-26, कार्य का नामः वाराणसी मंडलः– बनारस, वाराणसी सिटी एवं गाजीपुर सिटी एबीएसएस स्टेशनों पर शेष एलईडी साइनेजों की व्यवस्था। अनुमानित लागतः ₹ 23,27,478.05, अमानत राशिः ₹ 46,600/-, कार्य समापन का समयः 04 माह, निविदा समापन की तिथि एवं समयः 18-08-2025, 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 18-08-2025, 14:30 बजे।

• उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य**
मुजाधि/विद्युत-**101** **वाराणसी**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

# पूर्व मेयर पर अवैध कब्जे के आरोपों की जांच की मांग

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने उत्तरी दिल्ली एमसीडी में भाजपा के पूर्व मेयर जयप्रकाश पर आश्रय सुधार बोर्ड की जमीन पर अवैध कब्जे और बहुमंजिल इमारत के अवैध निर्माण संबंधी गंभीर आरोपों का हवाला देते हुए उनके खिलाफ निष्पक्ष जांच और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

अंकुश नारंग ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पूर्व मेयर जयप्रकाश पर आरोप है कि उन्होंने आश्रय सुधार बोर्ड की करोड़ों रुपए की जमीन पर अवैध कब्जा कर बहुमंजिला इमारत खड़ी कर दी, जिसमें कमर्शियल और रेजिडेंशियल फ्लोर बनाए गए व बिजली के अवैध मीटर भी लगवाए गए। जब यह रिपोर्ट लोकायुक्त के पास गई तो उन्होंने उपराज्यपाल से तुरंत इस मामले की सक्षम एजेंसी से जांच कराए जाने की मांग की कि ये जमीन कैसे ट्रांसफर हुई और ये इमारत कैसे बनी। अंकुश नारंग ने कहा कि आम आदमी पार्टी की मांग है कि पूर्व मेयर पर लगे आरोपों की तुरंत निष्पक्ष जांच हो और आरोप साबित होने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो।

# साहित्य अकादमी का अस्मिता कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** साहित्य अकादमी की ओर से हिंदी की तीन प्रमुख कथाकार जयंती रंगनाथन, रेनू यादव एवं सविता पांडेय के साथ 'अस्मिता' कार्यक्रम का आयोजन साहित्य अकादमी सभाकक्ष में किया गया। सुश्री सविता पांडेय ने अपनी कहानी 'ड्रीम गर्ल' प्रस्तुत की जो एक नर्तकी के मनोभावों और बाजारीकरण की संस्कृति के द्वंद्व पर आधारित थी। रेनू यादव ने अपनी कहानी 'किवाड़' में पितृसत्तात्मक समाज में एक स्त्री की स्थितियों को उद्घाटित किया, जबकि जयंती रंगानाथन ने अपनी कहानी 'काली टाई वाली औरत' का पाठ किया जो आधुनिक समय में मोबाइल के प्रयोग के एडिक्शन पर आधारित था, जिसे उन्होंने बहुत ही रोचकता के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लेखक एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन और अंत में औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन अकादमी के उपसचिव डॉ. देवेंद्र कुमार देवेश द्वारा किया गया।

■ तीन कथाकारों ने अपनी-अपनी कहानी का पाठ किया